


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

अलीगढ़, सोमवार,28 जुलाई 2025 Follow us on:/ planetnewsindia@gmail.com


## पहलगाम हमले के चार आतंकी अब भी फरार'

संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा से पहले शिवसेना (उद्धव गुट) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भारत की कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि पाकिस्तान सेना प्रमुख के भड़काऊ भाषण के बाद भी खुफिया एजेंसियां सतर्क क्यों नहीं हुईं। उन्होंने कहा कि सरकार ने सख्त कदम उठाए, लेकिन चारों आतंकी अब भी फरार हैं।संसद में सोमवार जम्मू-कश्मीर में हुए पहलगाम आतंकी हमले और भारत के जवाबी सैन्य अभियान ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा होनी है। इस बीच शिवसेना (उद्धव गुट) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भारत की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि पाकिस्तान समर्थित आतंकियों के खिलाफ की गई तमाम कार्रवाइयों के बावजूद पहलगाम हमले में शामिल चारों आतंकी अब भी फरार हैं।उन्होंने कहा कि हम सभी जानना चाहते हैं कि खुफिया तंत्र में चूक कहां हुई। पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर का भाषण हमला होने से पहले ही हो चुका था, फिर हम सतर्क क्यों नहीं हुए? उन्होंने कहा कि हमले में लोगों को उनके धर्म पूछकर मारा गया



ताकि देश में माहौल बिगाड़ा जा सके, लेकिन भारतीयों ने एकजुटता दिखाकर उस साजिश को नाकाम कर दिया।बता दें कि पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर ने ओवरसीज पाकिस्तानिज सम्मेलन में कहा था कि पाकिस्तान और भारत हर मामले में अलग हैं। धर्म, परंपरा, सोच और महत्वाकांक्षाएं। उन्होंने 1947 की टू-नेशन थ्योरी का जिक्र करते हुए पाकिस्तानी नागरिकों से कहा था कि वे अपने बच्चों को हिंदू-मुस्लिम के बीच अंतर सिखाएं।प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि भारत सरकार ने हमले के बाद कई कड़े कदम उठाए। इसके तहत सिंधु जल संधि को निलंबित किया गया, पाकिस्तानी मीडिया चैनलों, सोशल मीडिया अकाउंट्स और क्रिकेटरों पर प्रतिबंध लगाया गया। व्यापार और द्विपक्षीय वार्ताएं रोकी गईं और विभिन्न देशों में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिमंडल

## डामर संयंत्र में टैंकर में विस्फोट,



Gujarat: गुजरात के वडोदरा जिले के मोक्षी गांव में डामर संयंत्र में एक टैंकर में विस्फोट हुआ, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि टैंकर को गर्म किया जा रहा था, ताकि उसमें फंसा डामर निकाला जा सके, तभी गैस के दबाव से धमाका हो गया।गुजरात के वडोदरा जिले में रविवार शाम एक डामर (अस्फाल्ट) संयंत्र पर टैंकर में विस्फोट हुआ। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।घटना वडोदरा जिले के सावली तालुका के मोक्षी गांव में हुई। भादरवा थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ, जब टैंकर को गर्म किया जा रहा था ताकि उसमें फंसा हुआ डामर बाहर निकाला जा सके।पुलिस अधिकारी ने बताया कि टैंकर को गर्म करने के दौरान गैस का दबाव बढ़ गया और टैंकर में धमाका हो गया।

## कारों के डैशबोर्ड से दरवाजों के पैनल तक बांस से बनाए IIT गुवाहाटी ने तैयार किया प्लास्टिक का विकल्प

प्लास्टिक कचरे की बढ़ती वैश्विक समस्या के समाधान की दिशा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गुवाहाटी के वैज्ञानिकों ने एक इको-फ्रेंडली कंपोजिट मैटेरियल विकसित किया है। यह नया पदार्थ तेजी से बढ़ने वाली बांस की स्थानीय प्रजाति बंबूसा टुल्डा और जैव अपघटनीय पॉलिमर (बायोडिग्रेडेबल पॉलिमर) से मिलकर बना है।आईआईटी गुवाहाटी के वैज्ञानिकों ने बांस की एक स्थानीय प्रजाति से प्लास्टिक का ऐसा जैविक विकल्प तैयार किया है जो कारों के डैशबोर्ड से लेकर दरवाजों के पैनल तक में इस्तेमाल हो सकता है। यह शोध न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि मेक इन इंडिया और हरित तकनीक अभियान को भी नया आयाम देता है।प्लास्टिक कचरे की बढ़ती वैश्विक समस्या के समाधान की दिशा में एक उल्लेखनीय




उपलब्धि हासिल करते हुए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गुवाहाटी के वैज्ञानिकों ने एक इको-फ्रेंडली कंपोजिट मैटेरियल विकसित किया है। यह नया पदार्थ तेजी से बढ़ने वाली बांस की स्थानीय प्रजाति बंबूसा टुल्डा और जैव अपघटनीय पॉलिमर (बायोडिग्रेडेबल पॉलिमर) से मिलकर बना है। इसकी खासियत इसका हल्कापन, मजबूती, ऊष्मा सहनशीलता और नमी अवशोषण की न्यूनतम क्षमता शामिल है, जो इसे कारों के डैशबोर्ड, सीट बैकिंग और दरवाजों के पैनल जैसे हिस्से तैयार करने में पारंपरिक प्लास्टिक और धातुओं का बेहतरीन विकल्प बनाती है।डॉ. पूनम कुमारी के अनुसार यह नया कंपोजिट सिर्फ ऑटोमोबाइल सेक्टर तक सीमित नहीं है बल्कि यह इलेक्ट्रॉनिक्स, एयरोस्पेस, निर्माण सामग्री

## सावन का तीसरा सोमवार

### अवसानेश्वर मंदिर में मौत का तांडव, दो को आगोश में लिया; सात की हालत नाजुक... कुल 38 घायल


Stampede At Awsaneshwar Mandir: अवसानेश्वर मंदिर के बाहर गैलरी में लगे टिन शेड के पोल में करंट उतरने से भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। लोग जान बचाकर भागने लगे। हादसे में दो युवाओं की मौत हो गई। जबकि 38 लोग घायल हो गए। इनमें सात की हालत नाजुक बनी हुई है।Barabanki Mandir Stampede: यूपी के बाराबंकी में रविवार की आधी रात अवसानेश्वर मंदिर में बड़ा हादसा हो गया। मंदिर के बाहर गैलरी में टिन शेड में लगे लोहे के पोल में करंट आ गया। झटका लगा तो



श्रद्धालुओं में भगदड़ जैसी स्थिति हो गई। हादसे में दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। जबकि 38 लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सावन के तीसरे सोमवार को भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए मंदिर में आधी रात से ही भीड़ लगी थी। गोमती नदी में स्नान करके श्रद्धालु 12 बजे से ही मंदिर की तरफ बढ़ते गए और लाइन लगती गई। मंदिर परिसर और बाहर का क्षेत्र श्रद्धालुओं

## UP Encounter: हापुड़ में कुख्यात अपराधी डब्लू यादव ढेर

बेगूसराय का कुख्यात अपराधी डब्लू यादव उर्फ सूरज यादव हापुड़ में पुलिस मुठभेड़ में ढेर हो गया। डब्लू यादव पर 50 हजार का इनाम था। उसके खिलाफ 24 आपराधिक मामले दर्ज थे।सिंभावली पुलिस, नोएडा एसटीएफ और बिहार एसटीएफ के रविवार रात साझा ऑपरेशन में 50 हजार के इनामी बदमाश डब्लू यादव उर्फ सूरज यादव को मुठभेड़ में ढेर कर दिया गया। बदमाश के पास से पुलिस ने एक बाइक, कार्बाइन तथा तमंचा बरामद किया है। बदमाश के खिलाफ करीब दो दर्जन से अधिक संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। वह पिछले काफी समय से फरार चल रहा था। विभिन्न जनपदों की पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि रविवार की दिन रात को सिंभावली पुलिस क्षेत्र में गस्त कर रही थी। इसी दौरान यूपी नोएडा की एसटीएफ और बिहार की एसटीएफ टीम द्वारा थाने पर आकर सूचना दी गई की बिहार के जनपद बेगूसराय के थाना साहेबपुर कमाल के गांव ज्ञानडोल निवासी डब्लू यादव पुत्र सूर्य नारायण यादव उर्फ सूरज यादव क्षेत्र में किसी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के लिए घूम रहा है। उस पर 50 हजार का इनाम भी घोषित है।टीम द्वारा दी गई



सूचना पर पुलिस ने बक्सर मध्य गंगा नहर पटरी पर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान सामने से बाइक पर आए संदिग्ध को पुलिस ने रोकने का इशारा किया तो आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। फायरिंग में पुलिस ने अपना बचाव किया तो आरोपी बाइक को छोड़कर जंगल की ओर भागने लगा। पुलिस ने पीछा करते हुए उसको रोकने का इशारा किया तो उसने दोबारा फायरिंग कर दी, जिसमें थाना प्रभारी सुमित कुमार बाल-बाल बच गए।पुलिस की जवाबी फायरिंग में गोली बदमाश डब्लू यादव के लग गई,

# Aaj Ka Rashifal 28 July

## इन पांच राशि वालों को मिलेगा भाग्य का अच्छा साथ और होगा धन लाभ

28 July Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 28 जुलाई 2025 का राशिफल।



### मेष

आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आप अपने कामों को संयम से निपटाने की पूरी कोशिश करें। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो आपके उस धन के वापस आने की संभावना बहुत कम है। जिस कारण आपका खर्चा बढ़ सकता है। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में गिरावट आ सकती है, जिसको लेकर भागदौड़ लगी रहेगी। आपको अपनी किसी शारीरिक समस्या को लेकर कुछ टेस्ट आदि भी कराने पड़ सकते हैं। आपके मन में कुछ नया करने को लेकर उथल-पुथल बनी रहेगी।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। आपको बिजनेस में कुछ चुनौतियां आएंगी, लेकिन आप उनका डटकर सामना करेंगे और आप अपने जीवनसाथी को कहीं घूमाने-फिराने लेकर जा सकते हैं। कामकाज को लेकर आप कोई नई प्लानिंग करेंगे। आप अपने किसी सहयोगी से काम को लेकर सलाह ले सकते हैं। आपको अपनी संतान के संगति पर विशेष ध्यान देना होगा। किसी दूर रह रहे परिजन से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपका धन कहीं फंसा हुआ था, तो वह आपको मिल सकता है। आप किसी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं, जिससे आपका मान सम्मान और बढ़ेगा। आपको अपनी माताजी से किए हुए वादे को समय रहते पूरा करना होगा। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति यदि आपसे धन उधार मांगे, तो आप उसे बिल्कुल ना दें। जिससे आपके आपसी रिश्ते में गड़बड़ी हो सकती है। आप शौक मौज की चीजों पर अच्छा खासा खर्चा करेंगे।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आ रहा है। आप मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे। आपको अपने किसी कानूनी मामले को लेकर अधिकारियों से मदद लेनी पड़ सकती हैं। यदि आपको किसी काम को लेकर कुछ टेंशन थी, तो वह भी दूर होगी। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। आपका कोई नया वाहन खरीदने का सपना था, तो वह भी पूरा होगा। आपको अपने परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधाओं को भी दूर करना होगा।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। आपको किसी के साथ पार्टनरशिप करने से नुकसान होगा। कार्यक्षेत्र में आपकी कोई चुगली लगा सकता है। आप अपने माता-पिता को किसी यात्रा पर लेकर जा सकते हैं। संतान की संगति की ओर आपको विशेष ध्यान देना होगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में कुछ समस्याएं खड़ी होगी।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आज आपकी आय के सोर्स बढ़ेंगे। आपका कोई महत्वपूर्ण काम यदि लंबे समय से अटका हुआ था, तो उसके भी पूरे होने की संभावना है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपके अपने चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आपकी कोई बात परिवार में किसी सदस्य को बुरी लग सकती है। आपको अपने किसी शारीरिक समस्या को छोटा नहीं समझना है, नहीं तो आने वाले समय में बढ़ सकती है, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएगी।

### तुला

आज का दिन आपके लिए खर्चा भरा रहने वाला है। सामाजिक और राजनीति की ओर कदम बढ़ा रहे लोगों को जन समर्थन में इजाफा होगा। आप बेफिजूल के खर्चों को करके अपनी सेविंग को कम करेंगे। आपको अपने पिताजी से भी डांट खानी पड़ सकती है। वाहनों का प्रयोग आप थोड़ा सावधान रहकर करें। आप कहीं घूमने-फिरने जाएं, तो अपने कीमती सामानों की सुरक्षा अवश्य करें। जीवनसाथी के साथ आपको धैर्य और संयम से बनाए रखने की आवश्यकता है।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको इसके बाद खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें। आपने किसी से धन उधार लिया था, तो वह आपसे वापस मांग सकते हैं। भगवान के भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। आप अपने किसी परिजन को घर मेल-मिलाप कराने जा सकते हैं। आपको एक साथ कई काम हाथ लगेंगे, जिससे आपकी बेवजह की टेंशन बढ़ेंगी।

### धनु

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के साथ रोमांटिक पल व्यतीत करेंगे। आप अपने विरोधियों को आसानी से मात देने में कामयाब रहेंगे। आप अपने बिजनेस को लेकर कुछ योजना बनाने की पूरे कोशिश करेंगी। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आप अपने घर पर कामों में कोई बदलाव कर सकते हैं। आपको काम को लेकर मेहनत अधिक करनी होगी।

### मकर

आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचने के लिए रहेगा। यदि आप नौकरी में बदलाव की योजना बना रहे हैं, तो फिलहाल कुछ समय रुक जाएं। आपकी अपने भाई-बहनों से खटपट हो सकती हैं। आपको किसी वाद-विवाद को ध्यान रहकर सुलझाने की आवश्यकता है। आपको अपनी वाणी पर थोड़ा संयम रखना होगा। माताजी आपको यदि कोई सलाह दे, तो आप उस पर अमल अवश्य करें। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए सेहत के मामले में कमजोर रहने वाला है। आप अत्यधिक तले भूने भोजन से परहेज रखें। परिवार में किसी सदस्य को कहीं बाहर नौकरी मिलने में जाना होगा। दोस्तों के साथ आप कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपकी कुछ मौसमी बीमारियां उभर सकती हैं। आप अपने बिजनेस में किसी के साथ पार्टनरशिप ना करें। यदि आप किसी यात्रा पर जाएं, तो उसमें वाहनों का प्रयोग आपको थोड़ा सावधान रहकर करना होगा।

### मीन

आज का दिन आपके लिए कठिनाईयों से भरा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। यदि आपने किसी लोन के लिए कोई अप्लाई किया था, तो उसके भी आपको मिलने की संभावना है। आप अपनी सोच में सकारात्मकता बनाए रखें। परिवारिक रिश्तों में टेंशन रहने से आपका मन परेशान रहेगा। आपको संतान के किसी काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है।

आज सोमवार 28 जुलाई 2025 का दिन है। हिंदू पंचांग के अनुसार आज श्रावण माह की चतुर्थी तिथि है। आज के दिन चंद्रमा का गोचर सिंह राशि में है फिर इसके कन्या राशि में होगा। आज के दिन गजलक्ष्मी नाम का शुभ योग बन रहा है। इसके अलावा आज के दिन धन योग भी बना हुआ जिसके चलते कई राशियों को अच्छा खासा लाभ मिलने के संकेत हैं। आइए जानते हैं

# पहाड़ से लेकर मैदान तक अगले तीन दिन भारी

## मूसलाधार बारिश के आसार, नदियां भी दिखा सकती हैं रौद्र रूप



मौसम विभाग ने 28 जुलाई को पूर्वोत्तर में मूसलाधार बारिश के जारी रहने की संभावना जताई है। जबकि 29-31 जुलाई के दौरान पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र यानी जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में मूसलाधार बारिश का एक नया चरण शुरू होने का अनुमान है।महाराष्ट्र से लेकर राजस्थान और उत्तराखंड तक पिछले 24 घंटों में अलग-अलग जगहों पर भारी बारिश ने कहर बरपाया। मुंबई में रविवार को भारी बारिश के चलते कई हिस्से जलमग्न दिखे। इसके अलावा उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, पश्चिम उत्तर प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, मिजोरम, त्रिपुरा और मेघालय में भी 7 से11 सेमी तक भारी बारिश हुई। उधर ओडिशा के कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं तो केरल में भारी बारिश और तेज हवाएं जारी रहने के कारण कई नदियों और बांधों का जल स्तर बढ़ गया, पेड़ उखड़ने से घरों को नुकसान पहुंचा और राज्य के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। मौसम विभाग ने 28 जुलाई को पूर्वोत्तर में मूसलाधार बारिश के जारी रहने की संभावना जताई है। जबकि 29-31 जुलाई के दौरान पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र यानी जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में मूसलाधार बारिश का एक नया चरण शुरू होने का अनुमान है। हिमाचल प्रदेश में 29 जुलाई तक चार जिलों चंबा, कांगड़ा, मंडी और कुल्लू के कुछ इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने मुंबई के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, जिसमें भारी बारिश का अनुमान जताया गया है। पिछले 24 घंटों में भी मुंबई में भारी बारिश हुई। मुंबई शहर में 6.80 मिमी, पूर्वी उपनगर में 11.53 मिमी और पश्चिमी उपनगर में 7.42 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई।उत्तर प्रदेश दोबारा सक्रिय हुआ मानसून आज पश्चिमी यूपी में अपना असर दिखाएगा।

# सावन का तीसरा सोमवार

## अवसानेश्वर मंदिर में मौत का तांडव, दो को आगोश में लिया; सात की हालत नाजुक... कुल 38 घायल










Stampede At Awsaneshwar Mandir: अवसानेश्वर मंदिर के बाहर गैलरी में लगे टिन शेड के पोल में करंट उतरने से भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। लोग जान बचाकर भागने लगे। हादसे में दो युवाओं की मौत हो गई। जबकि 38 लोग घायल हो गए। इनमें सात की हालत नाजुक बनी हुई है।यूपी के बाराबंकी में रविवार की आधी रात अवसानेश्वर मंदिर में बड़ा हादसा हो गया। मंदिर के बाहर गैलरी में टिन शेड में लगे लोहे के पोल में करंट आ गया। झटका लगा तो श्रद्धालुओं में भगदड़ जैसी स्थिति हो गई। हादसे में दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। जबकि 38 लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सावन के तीसरे सोमवार को भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए मंदिर में आधी रात से ही भीड़ लगी थी। गोमती नदी में स्नान करके श्रद्धालु 12 बजे से ही मंदिर की तरफ बढ़ते गए और लाइन लगती गई। मंदिर परिसर और बाहर का क्षेत्र श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भर गया।

# शहनाज गिल की आगामी फिल्म 'एक कुड़ी' में गाना गाएंगे हनी सिंह? एक्ट्रेस ने शेयर की तस्वीरें



Shehnaaz Gill With Honey Singh: हाल ही में अभिनेत्री शहनाज गिल ने अपने सोशल मीडिया पर मशहूर रैपर हनी सिंह के साथ कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। कहा जा रहा है कि एक्ट्रेस की आगामी फिल्म 'एक कुड़ी' के लिए रैपर गाना गाने वाले हैं।सिंगर-एक्ट्रेस शहनाज गिल अपनी आगामी फिल्म 'एक कुड़ी' से काफी चर्चा में हैं। यह फिल्म कुछ महीनों के अंदर दर्शकों के बीच होगी। हाल ही में अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इनमें एक्ट्रेस मशहूर रैपर हनी सिंह के साथ नजर आ रही हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि अभिनेत्री की आगामी फिल्म के लिए हनी सिंह एक धमाकेदार गाना लेकर आने वाले हैं। शहनाज गिल ने आज सोमवार को अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों की बात की जाए तो पहली ही तस्वीर में एक्ट्रेस

# Sanjay Dutt

## संजय दत्त ने 72 करोड़ की प्रॉपर्टी को पहुंचाया सही जगह, महिला ने दान की थी अपनी जायदाद





Sanjay Dutt Property: साल 2018 में संजय दत्त की एक फैन निशा पाटिल तब सुर्खियों में आईं जब उन्होंने अपनी पूरी संपत्ति, जिसकी कीमत लगभग 72 करोड़ रुपये थी संजय दत्त के नाम कर दी।ऐसा कम ही होता है कि कोई शख्स किसी गैर के लिए संपत्ति छोड़ जाए। हालांकि बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता संजय दत्त के साथ ऐसा हुआ। हाल ही में उन्होंने अपनी जिंदगी के एक हैरान कर देने वाले पल के बारे में बताया। एक महिला उनके लिए 72 करोड़ रुपये की संपत्ति छोड़ गईं। अभिनेता ने बताया है कि उन्होंने इस संपत्ति का क्या किया। कर्ली टेल्स से बातचीत में दत्त से पूछा गया कि क्या यह सच है

# आशीर्वाद ने मेरे हृदय को शांति से भर दिया'

## सनी देओल ने की दलाई लामा से मुलाकात; लिखा इमोशनल नोट



Sunny deol meet Dalai Lama: सनी देओल ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर दलाई लामा के साथ एक खास तस्वीर शेयर कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है। फैंस उनकी इस तस्वीर पर जमकर प्यार बरसा रहे हैं। बॉलीवुड एक्टर सनी देओल इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच सनी ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर दलाई लामा के साथ एक शानदार तस्वीर शेयर की है। इस खास तस्वीर के साथ सनी ने एक भावुक नोट भी लिखा है।सनी देओल ने आज इंस्टाग्राम पर अपनी और दलाई लामा की एक खास तस्वीर शेयर की है। इस शानदार तस्वीर के साथ सनी ने कैप्शन में बेहद ही भावुक नोट लिखा, 'बहुत सम्मान और कृतज्ञता का पल। लद्दाख की शांत वादियों में परम पावन दलाई लामा से मुलाकात हुई। उनकी मौजूदगी, ज्ञान और आशीर्वाद ने मेरे मन को शांति दी। यह पल सचमुच अविस्मरणीय है।'सनी की इस खास पोस्ट के बाद फैंस ने भी जमकर कमेंट कर अपना प्यार बरसाया है। एक फैन ने लिखा, 'मेरा असली हीरो', एक फैन ने लिखा, 'सनी पाजी जय श्री राम', एक फैन ने लिखा, 'वाह...शानदार...आपसे बहुत प्यार करता हूं', एक फैन ने लिखा, 'ये वो हाथ हैं, जिन्होंने पाकिस्तान का हैंडपंप उठाया था, इन हाथों को सलाम पालजी, लव यू', एक फैन ने लिखा, 'गुरु से बड़ा ना कोई होए', एक फैन ने सनी की फिल्म गदर का डायलॉग लिखा, 'हिंदुस्तान जिंदाबाद था, जिंदाबाद है और जिंदाबाद रहेगा।'सनी देओल आखिरी बार फिल्म 'जाट' में नजर आए थे। अब सनी जल्द ही 'बॉर्डर 2' में नजर आएंगे। यह फिल्म 23 जनवरी,

# प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस ने देखा मेजिकल शो




Aladdin Magical Show: प्रियंका चोपड़ा ने आज पति निक और बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस के साथ अलादीन शो की शानदार तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। प्रियंका की इन तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं।

बॉलीवुड और हॉलीवुड फिल्मों में अपनी अदाकारी से सभी का दिल जीतने वाली एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा जोनस ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर अपने परिवार के साथ कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। यह तस्वीरें अलादीन शो के दौरान की हैं। इन तस्वीरों में प्रियंका, मालती और निक जोनस बेहद खुश नजर आ रहे हैं।प्रियंका चोपड़ा ने पति निक जोनस और बेटी मालती मैरी के साथ अलादीन शो देखा। जिसकी बेहद ही खास तस्वीरें एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, 'ब्रॉडवे प्रोडक्शन को देखना बहुत जादुई था। अलादीन अपने छोटे से परिवार के साथ। साथ ही, दो बेहद प्रतिभाशाली मुख्य कलाकारों को भी देखने का मौका मिलेगा। एडिवरॉय और सोन्या बलसारा, जो भारतीय हैं। उन्होंने मेरे दिल को जीत लिया।

# Ilaiyaraaja Copyright Case



Ilaiyaraaja Plea Rejected: दिग्गज संगीतकार इलैयाराजा की कॉपीराइट से जुड़े केस को मद्रास हाईकोर्ट में ट्रांसफर की मांग वाली याचिका खारिज को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। इलैयाराजा ने केस को बॉम्बे हाईकोर्ट से मद्रास हाईकोर्ट में स्थानांतरित करने की मांग की थी। संगीतकार इलैयाराजा की उस याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने कॉपीराइट से जुड़े मामले को बॉम्बे हाईकोर्ट से मद्रास हाईकोर्ट में ट्रांसफर करने की मांग की थी। संगीतकार ने 500 से अधिक रचनाओं से जुड़े कॉपीराइट केस को मद्रास हाईकोर्ट में कराए जाने के लिए याचिका दायर की थी। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ संगीतकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन की इस दलील से सहमत नहीं हुई कि मामले को मद्रास हाईकोर्ट में ट्रांसफर कर दिया जाए। शुरुआत में सोनी म्यूजिक एंटरटेनमेंट के वकील ने पीठ को बताया कि फर्म द्वारा मामला बॉम्बे उच्च न्यायालय में दायर किया गया था, जबकि मद्रास उच्च न्यायालय में कोई मामला लंबित नहीं था।



# Surveen Chawla

## 'डिप्रेशन ने मुझे बदल दिया






Surveen Chawla Interview: हाल ही में 'राणा नायडू' और 'क्रिमिनल जस्टिस 4' जैसी सीरीज में नजर आईं अभिनेत्री सुरवीन चावला अब 'मंडला मर्डर्स' को लेकर चर्चाओं में हैं। जानिए अभिनेत्री ने सीरीज को लेकर क्या कुछ बताया।सुरवीन चावला जल्द ही थ्रिलर सीरीज 'मंडला मर्डर्स' में नजर आएंगी। अभिनेत्री अपनी इस सीरीज को लेकर लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। हाल ही में अमर उजाला डिजिटल से खास बातचीत में सुरवीन ने मेंटल हेल्थ, एक्टिंग करियर में आए उतार-चढ़ाव और डिप्रेशन से गुजरने के अनुभव साझा किए।बातचीत के दौरान सुरवीन चावला ने बताया कि मैं खुद कुछ साल डिप्रेशन से गुजरी हूं। यह वक्त 2015 के आसपास का था, जब मेरी एक हिंदी फिल्म रिलीज हुई थी। मेरे लिए उस समय उस फिल्म को करना बहुत हिम्मत का काम था। उन्होंने कहा कि जब कलाकार के पास विकल्प नहीं होते, तो वो दौर भीतर से तोड़ सकता है। जब आप अपने काम को गंभीरता से लेते हैं, तो वहां तक पहुंचने में वक्त लगता है। उस समय ने मुझे अंदर से झकझोर दिया था। लेकिन उसी दौर ने मुझे बहुत कुछ सिखाया भी।इंडस्ट्री की अनिश्चितता को लेकर एक्ट्रेस ने कहा कि कभी-कभी हमें किसी सवाल का जवाब नहीं मिलता। आप सोचते हो कि ये चीज तो काम कर रही थी, फिर ये क्यों नहीं चली? ये सवाल हर कलाकार के मन में आता है,

# अध्ययन

## पीएलआई से मोबाइल विनिर्माण को मिली रफ्तार, आयातक से दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्यातक बना भारत

अध्ययन में मोबाइल उत्पादन और निर्यात के क्षेत्र में वेतन वृद्धि का भी विश्लेषण किया गया है। इसके मुताबिक, दोनों क्षेत्रों में वेतन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। खासकर निर्यात से जुड़ी भूमिकाओं में। यह वेतन और आय के स्तर पर मजबूत आर्थिक प्रभाव का संकेत है।भारत मोबाइल फोन उत्पादन (विनिर्माण) के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ते हुए वैश्विक पावरहाउस बन गया है। देश पिछले 10 साल में आयातक से दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्यातक बन गया है। कैलेंडर वर्ष 2024 में भारत से कुल 20.5 अरब डॉलर का मोबाइल फोन निर्यात किया गया। सेंटर फॉर डेवलपमेंट स्टडीज (सीडीएस) के अध्ययन के मुताबिक, भारत को मोबाइल फोन आयातक से निर्यातक बनाने की प्रक्रिया की शुरुआत 2017 में हुई थी। यह परिवर्तन निरंतर सरकारी समर्थन, वैश्विक मूल्य शृंखलाओं में रणनीतिक एकीकरण और 2020 में उत्पादन आधारित प्रोत्साहन



योजना के शुभारंभ का नतीजा है।भारत की असाधारण यात्रा के बारे में अध्ययन में बताया गया है कि देश 2014-15 में मोबाइल फोन का शुद्ध आयातक था। सरकार के समर्थन के दम पर अगले 10 साल में यानी 2024-25 में 24.1 अरब डॉलर के साथ मोबाइल फोन निर्यात का पावरहाउस बन गया, जबकि 2017-18 में यह सिर्फ 0.2 अरब डॉलर था। 11,950 फीसदी की यह आश्चर्यजनक वृद्धि भारत के मोबाइल विनिर्माण की दिशा में एक संरचनात्मक बदलाव को दर्शाती है।सीडीएस का यह अध्ययन प्रोफेसर सी वीरमणि के नेतृत्व में तैयार किया गया है। वह कहते हैं, मोबाइल फोन निर्यात अब घरेलू मांग से आगे निकल गया है। देश 2018-19 से मोबाइल फोन का शुद्ध निर्यातक बना हुआ है। भारत के मोबाइल फोन उत्पादन के घरेलू मूल्य संवर्धन (डीवीए) में प्रत्यक्ष और सहायक उद्योगों

# सर्राफा बाजार में शुरू हुई रक्षाबंधन की तैयारियां

**सोने और चांदी कीमतें अधिक होने की वजह से ज्वेलर्स रक्षाबंधन के लिए हल्के वजन के आभूषणों पर जोर दे रहे हैं।** इसके साथ ही रक्षाबंधन पर सबसे अधिक बिकने वाली चांदी की राखी को लेकर भी ज्वेलर्स थोड़ी चिंता में देखे जा रहे हैं, क्योंकि सोने के साथ ही चांदी की कीमतें इस बार काफी अधिक है।रक्षाबंधन के त्योहार को अभी काफी समय है, बावजूद इसके सरार्फा बाजार अभी से इसके लिए तैयारी में जुट गया है। मुंबई के झवेरी बाजार में ज्वेलर्स हल्के वजन के आभूषण को स्टॉक करने में जुट गए हैं। इसके साथ ही रक्षाबंधन पर सबसे



अधिक बिकने वाली चांदी की राखी को लेकर भी ज्वेलर्स थोड़ी चिंता में देखे जा रहे है। सोने के साथ ही चांदी की कीमतें इस बार काफी अधिक होने की वजह से चांदी की राखियों की मांग में कमी आने की संभावना ज्वेलर्स को है। हालांकि ज्वेलर्स को उम्मीद है कि रक्षाबंधन पर हल्के वजन के आभूषणों की बिक्री होगी।मुंबई झवेरी बाजार के चांदनी ज्वेलर्स के मुकेश जैन कहते हैं कि पिछले साल रक्षाबंधन पर सोना 72,500 प्रति 10 ग्राम और चांदी 84 हजार रुपये प्रति किलो पर थे। उस समय 7 से 8 ग्राम तक के सोने के आभूषण की बिक्री हुई थी। वहीं चांदी की बात करें तो इसमें चांदी की राखी जो कि 7 ग्राम से लेकर 10 ग्राम तक की बिक्री देखने को मिली थी। इस साल सोना 98,735 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी 1,14,988 रुपये प्रति किलो पर चल रही है। हमें उम्मीद है कि मांग 5 से लेकर 7 व 8 ग्राम तक के वजन

# ED: अनिल अंबानी से जुड़े 50 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

ED: अनिल अंबानी से जुड़े 50 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी, ₹3000 करोड़ के यस बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में कार्रवाई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को मुंबई में उद्योगपति अनिल अंबानी की कंपनियों से जुड़े कई स्थानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा रिलायंस कम्युनिकेशंस और इसके प्रमोटर-निदेशक अनिल डी अंबानी को 'धोखाधड़ी' के रूप में वर्गीकृत किए जाने के कुछ ही दिनों बाद की गई है।हालांकि अनलि अंबानी के निजी आवास पर तलाशी




अभियान नहीं चलाया गया, लेकिन दिल्ली और मुंबई से आई ईडी की टीमों ने उनके समूह की कुछ कंपनियों से जुड़े परिसरों का दौरा किया। यह जांच RAAGA (रिलायंस अनिल अंबानी समूह) कंपनियों की ओर से कथित धन शोधन से संबंधित है। ईडी की कार्रवाई राष्ट्रीय आवास बैंक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए), बैंक ऑफ बड़ौदा और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज दो एफआईआर सहित कई नियामक और वित्तीय निकायों से प्राप्त इनपुट पर आधारित है।रिपोर्ट्स के अनुसार अनिल अंबानी समूह से जुड़े वरिष्ठ व्यावसायिक अधिकारियों के यहां भी तलाशी ली जा रही है। ईडी का दावा है कि उसे सार्वजनिक धन की हेराफेरी की एक सुनियोजित योजना के सबूत मिले

# डिजिटल तकनीक ने बदल दी भारत की कर प्रणाली

Tax: डिजिटल तकनीक ने भारत की कर प्रणाली को ज्यादा पारदर्शी और तेज बना दिया है, जिससे करदाताओं को रिफंड पहले से कहीं जल्दी और ज्यादा मिल रहा है। पिछले दस वर्षों में कर वापसी (रिफंड) में 474% की वृद्धि हुई है, जबकि औसतन रिफंड जारी होने का समय 93 दिन से घटकर सिर्फ 17 दिन रह गया है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी।Tax: डिजिटल तकनीक ने भारत की कर प्रणाली को ज्यादा पारदर्शी और तेज बना दिया है, जिससे करदाताओं को रिफंड पहले से कहीं जल्दी और ज्यादा मिल रहा है। पिछले दस वर्षों में कर वापसी (रिफंड) में 474% की वृद्धि हुई है, जबकि औसतन रिफंड जारी होने का समय 93 दिन से घटकर सिर्फ 17 दिन रह गया है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी।सूत्रों ने बताया कि 2013-14 से 2024-



आईटी, बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवा एवं बीमा), विनिर्माण और एफएमसीजी क्षेत्रों का योगदान है। फाउंडइट के मुख्य राजस्व एवं वृद्धि अधिकारी प्रणय काले ने कहा, यह हाल के वर्षों में सबसे मजबूत वृद्धि है, जो भारत के रोजगार परिदृश्य में टियर-2 शहरों के बढ़ते महत्व को बताती है। अब नौकरी चाहने वालों के पास अपने घर के पास ही विभिन्न अवसर उपलब्ध हैंरिपोर्ट के मुताबिक, टियर-2 शहरों में भर्तियां सालाना आधार पर 28 फीसदी बढ़ी हैं। इसके उलट, दिल्ली-एनसीआर (5 फीसदी), चेन्नई (18 फीसदी) और बंगलूरू (16 फीसदी) जैसे प्रमुख महानगरों में तुलनात्मक रूप से धीमी वृद्धि देखी गई। टियर-2 शहरों में आईटी भर्तियों में 53 फीसदी की असाधारण वृद्धि रही जो राष्ट्रीय औसत 30 फीसदी से अधिक है।

# भारतीय परिवारों के पास 25000 टन सोना

सोने को बेचना हमें अपनी विरासत से बिछड़ने जैसा लग सकता है। लेकिन, यह बात हमेशा ध्यान रखें कि सोना अन्य एसेट की तरह एक संपत्ति भी है और शेयरों की तरह इसका मूल्यांकन करना जरूरी है। आज के समय में सोना आपका बैकअप प्लान, विकास कोष और सुरक्षा कवच सब कुछ हो सकता है। भारत में सोना सिर्फ धन नहीं, यह हमारी पहचान का हिस्सा है। यह वह बेशकीमती उपहार है, जो दादी-नानी शादी में आशीर्वाद के रूप में देती हैं। माता-पिता इसे गुपचुप तरीके से तिजोरी में सहेज कर रखते हैं और जरूरत के समय यही सोना हर परिवार का सहारा बनता है। इस प्रकार, सोना सिर्फ धातु नहीं, बल्कि यादों, परंपरा



और भावनाओं का प्रतीक है। लेकिन, यह बात भी नहीं भूलनी चाहिए कि सोना दुनियाभर में सबसे भरोसेमंद निवेश विकल्प भी है। बात जब निवेश की आती है, तो आपको अपने पोर्टफोलियो को संतुलित बनाना भी जरूरी होता है। ऐसे में यह सवाल भी उठता है कि सोने को सिर्फ घर में रखकर छोड़ देना कितना सही फैसला है। सोना चाहे जेवर के रूप में हो या डिजिटल स्वरूप में, भारतीयों का सोने के प्रति प्यार न केवल भावनात्मक है,

# भारतीय अर्थव्यवस्था-वित्तीय प्रणाली

**टैरिफ के झटकों से निपटने में सक्षम; भारत FDI के लिए आकर्षक** आरबीआई की सोमवार को जारी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की वृद्धि की मुख्य वजह घरेलू मांग में उछाल है, इसलिए यह वैश्विक चुनौतियों से अछूती है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से बढ़ रही है, जो महंगाई में लगातार कमी के साथ व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता में मदद कर रही है।


बढ़ते व्यापार, कई देशों के बीच लंबे समय तक चल रहे तनाव और उन्नत देशों के नीतिगत फैसलों से पड़ने वाले प्रभावों से उभरती अर्थव्यवस्थाओं को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। दुनियाभर में जारी अनिश्चित और चुनौतीपूर्ण आर्थिक पृष्ठभूमि के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक विकास का एक प्रमुख चालक बनी हुई है।आरबीआई की सोमवार को जारी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की वृद्धि की मुख्य वजह घरेलू मांग में उछाल है, इसलिए यह वैश्विक चुनौतियों से अछूती है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से बढ़ रही है, जो महंगाई में लगातार कमी के साथ व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता में मदद कर रही है। घरेलू वित्तीय




प्रणाली बैंकों और गैर-बैंकिंग कंपनियों की स्वस्थ बैलेंस शीट से मजबूत बनी हुई है।रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय बाजारों में कम अस्थिरता और उदार मौद्रिक नीति से समर्थित वित्तीय स्थितियां आसान हुई हैं।


BOOK YOUR ADVERTISEMENT
+91 7088120612


PAYOUT WALLET
Transform Your Vision into Reality – Grow Your Business Smarter with PlanetC Technology
GAMING
SALARY
UTILITY
WHY CHOOSE US?
Unleash The Potential
Convenience at Your Command
Personalized to Perfection
Unmatched Security
CONTACT NOW
PlanetC Technology
PlanetC Technology
WE'LL MAKE IT SIMPLE AND EASY TO USE
Username
Password
TRY IT NOW
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120300


PLANET NEWS
हर खबर सच के साथ
INDIA
PROMOTE YOUR BUSSINESS ON NEWS CHANNEL
Enquire today for best News Channel Ad Packages
Our Service:
Product Advertising
Service Advertising
Business Advertising
Contact Us
+91 7088120612
www.planetnewsindia.com
Follow on:


Book Your AD Here
ADS
+91 7088120612


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
WE ARE HIRING
FOR FIELD SALES & MARKETING
VACANCY
OPEN POSITION
Field sales executive
Field sales officer
Team leader
APPLY NOW
Send your CV to:
hr@planetctechnology.com
B-9, Gayatri Bhawan, Vikram Colony Ramghat Road Aligarh, Uttar Pradesh, 202001


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
Follow us on:/
DIGITAL INDIA के ज़माने में
बढ़ाएं अपनी इनकम
MULTI RECHARGE SOFTWARE
के साथ...
साथ में मिलेगी ये सुविधाएं...
Mobile Recharge
DTH Recharge
Bill Payment
Pan Card
BBPS Service
Money Transfer
AEPS Cash Withdrawal
SPECIAL OFFER
Rs.60,000
मात्र
Rs. 40,000
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120900


Book Your AD Here
ADS
+91 7088120612

# IND vs ENG: 'क्या अंग्रेज लौट जाते

भारतीय कोच गंभीर ने जबरदस्ती विवाद खड़ा करने पर इंग्लैंड की टीम को लताड़ा चौथे टेस्ट मैच में उस समय नाटकीय मोड़ आ गया जब भारतीय बल्लेबाजों जडेजा और सुंदर ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के मैच के अंतिम घंटे की शुरुआत से पहले ड्रॉ पर सहमति जताने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया। पांचवें दिन मैदान पर हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिला।भारत ने मैनचेस्टर में खेले गए चौथे टेस्ट में जबरदस्त खेल दिखाया और लगभग डेढ़ दिन तक बल्लेबाजी कर मुकाबले को ड्रॉ पर समाप्त किया। इससे बौखलाए इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने मैच के पांचवें दिन जबरदस्ती विवाद खड़ा करने की कोशिश की। उन्होंने तब क्रीज पर जमे रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर के सामने जल्दी से मैच खत्म करने के लिए ड्रॉ का प्रस्ताव रखा और हैंडशेक के लिए आगे आए। हालांकि, जडेजा और सुंदर ने इसे ठुकरा दिया। इससे बौखलाए अंग्रेजों ने दोनों को बीच



मैदान जमकर स्लेज किया। हालांकि, जडेजा और सुंदर, दोनों ने शतक जमाया और फिर मैच को ड्रॉ पर समाप्त करने की घोषणा की गई। अब इस विवाद पर दुनियाभर से जमकर प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। हालांकि, भारतीय कोच गौतम गंभीर ने अपने खिलाड़ियों के फैसले का समर्थन किया है और इंग्लैंड की टीम को लताड़ लगाई है। उन्होंने कहा है कि अगर उस स्थिति में इंग्लैंड का कोई खिलाड़ी होता, तो क्या वे ड्रॉ पर मैच को खत्म करते?




दरअसल, चौथे टेस्ट मैच में उस समय नाटकीय मोड़ आ गया जब भारतीय बल्लेबाजों जडेजा और सुंदर ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के मैच के अंतिम घंटे की शुरुआत से पहले ड्रॉ पर सहमति जताने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया। टेस्ट मैच में यह प्रावधान है कि अगर दोनों कप्तानों को लगता है कि मैच का नतीजा आना असंभव है, तो वे हाथ मिलाकर ड्रॉ पर सहमत हो सकते हैं। मैच को ड्रॉ हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने के बाद जडेजा और सुंदर जब क्रमशः 89 और 80 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे, तब उन्होंने स्टोक्स के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। इंग्लैंड के कप्तान इसके बाद बेहद नाराज हो गए। इन दोनों बल्लेबाजों ने शतक के करीब होने के कारण बल्लेबाजी जारी रखने का फैसला किया। स्टोक्स के कुछ कहने के बाद ही जैक क्राउली और बेन डकेट भी यह पूछते देखे गए कि भारत क्यों खेलना जारी रखना चाहता है। स्टोक्स ने व्यंग्यात्मक लहजे में पूछा, 'क्या आप हैरी ब्रूक के खिलाफ शतक बनाना चाहते हैं?' इस पर जडेजा ने बस इतना कहा



# WTC Points Table

भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त होने के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025-27 चक्र की तालिका में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। इंग्लैंड तीसरे और भारत चौथे पायदान पर है। दोनों के खाते में क्रमश: 26 और 16 अंक हैं। मैनचेस्टर टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हो गया। भारतीय बल्लेबाजों ने कड़ी मशक्कत के बाद इंग्लैंड की जीत के सपने को चूर-चूर कर दिया और सीरीज में खुद को जीवित रखा है। अब इस सीरीज का पांचवां और अंतिम मुकाबला 31 जुलाई से द ओवल में खेला जाएगा, जिसमें भारतीय टीम जीत हासिल करने का उद्देश्य लेकर उतरेगी। फिलहाल इंग्लैंड मौजूदा सीरीज में 1-2 से आगे है। उसने लीड्स (पहला) और लॉर्ड्स (तीसरा) टेस्ट में जीत दर्ज की है जबकि भारत को बर्मिंघम (दूसरा) में सिर्फ जीत मिली है।भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त होने के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025-27 चक्र की तालिका में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। इंग्लैंड तीसरे और भारत चौथे पायदान पर है। दोनों के खाते में क्रमश: 26 और 16 अंक हैं। वहीं, उनका अंक प्रतिशत क्रमश: 54.17 और 33.33 है। शीर्ष स्थान पर ऑस्ट्रेलिया है, जिसने तीन मैचों में जीत के साथ 36 अंक हासिल किए हैं और अंक प्रतिशत 100 है। वहीं, दूसरे स्थान पर श्रीलंका है जिसने दो मैचों में सिर्फ एक मैच जीता है और 16 अंक हैं। उनका अंक प्रतिशत 66.67 का है।शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर की शतकीय पारियों के दम पर भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए चौथे टेस्ट मैच के ड्रॉ करा लिया। इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने यशस्वी जायसवाल, साई सुदर्शन और ऋषभ पंत की अर्धशतकीय पारियों के दम पर 358 रन बनाए थे। पहली पारी में इंग्लैंड ने 10 विकेट पर 669 रन बनाए और 311 रनों की बढ़त हासिल की। इसके बाद भारत ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 425 रन बनाए और मैच ड्रॉ पर समाप्त कर दिया।

## मैनचेस्टर टेस्ट के ड्रॉ होने से अंक तालिका में नहीं कोई खास बदलाव; भारत इस स्थान पर काबिज











# ढाका में एसीसी की बैठक,

## बीसीसीआई वर्चुअली भाग लेगा, एशिया कप के मेजबान पर होगा फैसला

एशिया कप टी20 के आयोजन स्थल को लेकर गतिरोध निश्चित रूप से चर्चा में आएगा क्योंकि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई, अबुधाबी और शारजाह में मैदान होने के कारण यह एक मजबूत दावेदार के रूप में उभर रहा है।एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के संबंध में गतिरोध टूटता हुआ प्रतीत हो रहा है क्योंकि बीसीसीआई ढाका में होने वाली बैठक में वर्चुअल तौर पर भाग लेने के लिए तैयार है। हालांकि, बीसीसीआई ने शुरू में पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक का बहिष्कार किया था लेकिन अब वर्चुअल रूप से बैठक में भाग लेगा।एशिया कप टी20 के आयोजन स्थल को लेकर गतिरोध निश्चित रूप से चर्चा में आएगा क्योंकि संयुक्त



अरब अमीरात (यूएई) के दुबई, अबुधाबी और शारजाह में मैदान होने के कारण यह एक मजबूत दावेदार के रूप में उभर रहा है। मेजबानी की दौड़ में दूसरा देश श्रीलंका है क्योंकि भारत बांग्लादेश की यात्रा नहीं करेगा।एशिया कप टी20 के आयोजन स्थल को लेकर गतिरोध निश्चित रूप से चर्चा में आएगा क्योंकि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई, अबुधाबी और शारजाह में मैदान होने के कारण यह एक मजबूत दावेदार के रूप में उभर रहा है। मेजबानी की दौड़ में दूसरा देश श्रीलंका है क्योंकि भारत बांग्लादेश की यात्रा नहीं करेगा।एसीसी सूत्र ने बताया, 'बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व उसके उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला वर्चुअल रूप से करेंगे जो एसीसी बोर्ड के नामित सदस्य हैं।

# इंगलिस की तूफानी पारी से जीते कंगारू

## वेस्टइंडीज को दूसरे टी20 में भी हराया, मैक्सवेल ने की ओपनिंग

पहला टी20 ऑस्ट्रेलिया ने तीन विकेट से अपने नाम किया था और अब दूसरा टी20 जीतकर सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। वहीं, पांच मैचों की सीरीज का तीसरा टी20 26 जुलाई को सेंट किट्स में खेला जाएगा।ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को लगातार दूसरे टी20 में हरा दिया है। जमैका के किंग्सटन के सबीना पार्क में खेले गए मुकाबले में कंगारुओं ने आठ विकेट से जीत हासिल की। जोश इंगलिस और कैमरन ग्रीन ने तूफानी पारियां खेलीं। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 172 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 15.2 ओवर में दो विकेट पर 173 रन बनाकर मैच जीत लिया। इंगलिस 33 गेंद में सात चौके और पांच छक्के की मदद से 78 रन




रन बनाकर नाबाद रहे।वहीं, कैमरन ग्रीन ने 32 गेंद में तीन चौके और चार छक्के की मदद से 56 रन की नाबाद पारी खेली। इंगलिस को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। पहला टी20 ऑस्ट्रेलिया ने तीन विकेट से अपने नाम किया था और अब दूसरा टी20 जीतकर सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। वहीं, पांच मैचों की सीरीज का तीसरा टी20 26 जुलाई को सेंट किट्स में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के लिए इस मैच में ग्लेन मैक्सवेल ओपनिंग के लिए आए थे, लेकिन वह फेल रहे।टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम की शुरुआत सधी हुई रही थी